नवोदय (Navodaya)

दिनाँक (Dated): 29.01.2024 | पृष्ठ सं० (Page No). 05 | क्रम सं०(Serial No.) 20

फ्रेंच नागरिक को CISF कर्मी ने सीपीआर देकर जान बचाई

नई दिल्ली,28 जनवरी (नवोदय टाइम्स): आईजीआई हवाई अड्डे पर सीआईएसएफ कर्मियों ने एक फ्रेंच यात्री को सीपीआर देकर उसकी जान बचाई है।

अधिकारियों ने बताया कि 26 जनवरी सुबह 11 बजकर 40 मिनट पर सीआईएसएफ के उप-निरीक्षक पुनीत कुमार तिवारी, जो आईजीआई हवाई अड्डे के सिक्योरिटी होल्ड एरिया में एक्स-बीआईएस मशीन नंबर 04 पर स्क्रीनर ड्यूटी कर रहे थे, ने एक वृद्ध यात्री को देखा। जो सुरक्षा जांच के लिए कतार में खड़ा था, अचानक बेहोश हो गया और फर्श पर गिर गया। उप-निरीक्षक पुनीत कुमार तिवारी ने तुरंत कार्रवाई की और यात्री को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन दिया। कॉल पर मेदांता चिकित्सा कक्ष से डॉक्टर भी वहां पहुंचे और यात्री को प्रारंभिक उपचार दिया। बाद में, यात्री को होश आ गया और उसमें सुधार के लक्षण दिखे। इसके बाद डॉक्टर ने उन्हें अपनी यात्रा जारी रखने के लिए फिट घोषित कर दिया। यात्री की पहचान फ्रेंच नागरिक बर्टेंड पैट्रिक(63) के रूप में हुई है।